बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-238
27/07/2019

मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध उद्योगपति संप्रदा सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 27 जुलाई 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध उद्योगपति, एल्केम ग्रुप ऑफ कम्पनी के फाउण्डर एवं चेयरमैन तथा जहानाबाद जिले के निवासी संप्रदा सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वे बड़े उद्योगपति होने के बावजूद अपने गृह जिला और बिहार से हमेशा जुड़े रहते थे। उनके निधन से उद्योग जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******